प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. छात्रों की मांग पर उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा एक दिन में कराने का लिया निर्णय : आरओ–एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा के लिए बनाई समिति।
2. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने लखनऊ में आज डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट का किया शुभारम्भ : कहा– सरकारी विभागों को बिना मीटर नहीं मिलेगी बिजली।
3. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल वाराणसी में नमो घाट का औपचारिक उद्‌घाटन कर देव दीपावली का करेंगे शुभारम्भ : केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी भी कार्यक्रम में होंगे शामिल।

और

4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव और चार दिवसीय कृषि भारत मेले का करेंगे सशुभारम्भ।

———————

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया है। साथ ही आरओ–एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 के लिए लोक सेवा आयोग ने समिति का गठन किया है। प्रयागराज में बीते

कुछ दिनों से प्रतियोगी छात्र एक दिन में परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पीएससी को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद लोकसेवा आयोग ने यूपी पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक दिन में कराने का फैसला लिया है। साथ ही आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अति शीघ्र अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

8 दिसंबर को होने वाली उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा–2023 अगली सूचना तक के लिए टाल दी गई है। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टालो गई है।

——————

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज लखनऊ में डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2024 की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करना होगा जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। कार्यक्रम के पश्चात केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया को संबोधित

करते हुए कहा कि सरकारी विभागों को भी बिना मीटर के बिजली नहीं दी जाएगी। बाइट.....

*सबसे पहले प्रीपेड मीटर्स सरकारी विभागों में ही लगेंगे ताकि सरकार यानी जो विभाग है वो अपने पैसे से पहले प्रीपेड का खर्च करके तभी बिजली ले पायेगा। नेता बिजली नहीं ले पायेगा इसलिए पहले फेस में प्रीपेड वही लग रहे हैं जहाँ तक पिछले जो बचे हुए हैं उन बचे हुए में भी सब प्रदेशों ने कहा कि वो एक टाइम बाउंड प्रोग्राम के साथ।सोर्स पर उसका पैसा निकाल लिया जाए। सारा डेटा लेकर के रीकन्सील करेंगे ये सब अकाउन्ट्स को ताकि वित्त मंत्रालय की ओर से ही उस पैसे को लेकर के विभाग को दे दिया जाए। सब्सिडी भी लगभग लगभग प्रदेश सब दे रहे हैं जहाँ–जहाँ डिफाल्टर्स हैं।*

———————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में अब प्रत्याशियों के प्रचार के लिए एक सप्ताह से कम का समय बचा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज गाजियाबाद विधानसभा में पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनावी सभा की। उधर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के रुदापुर में जनसभा में सपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया और भाजपा पर निशाना साधा।

———————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगजनी मामले में सीसामऊ सीट स पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल सजा पर रोक नहीं

लगाई। यह आदेश जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस सुरेन्द्र सिंह की बेंच ने इरफान सोलंकी की तरफ से दाखिल अपील पर पारित किया। कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आगजनी केस में इरफान सोलंको और रिजवान सोलंकी को 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्दा हो गई थी और सीसामऊ सीट रिक्त हो गई थी।

—————————

गौतम बुद्ध नगर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कल से विमानों के ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस परीक्षण के तहत प्रतिदिन दो से तीन विमानों का ट्रायल किया जाएगा, यह ट्रायल लगभग एक महीने तक चलेगा, और इस दौरान करीब 70 विमानों का ट्रायल होगा।

—————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी में नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे। उपराष्ट्रपति की उपस्थिति में दिया जलाने का कार्यक्रम संपन्न होगा और 84 घाटों पर देव दीपावली की शुरुआत होगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के*

*पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदि केशव घाट लगभग 1.5 किलोमीटर हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल, थल और नभ से जुड़ने वाले यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी परबाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। उद्‌घाटन के साथ ही देव दीपावली कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस बार देव दीपावली के मौके पर पहली विदेशी कलाकारों द्वारा शिव तांडव कार्यकम का भी आयोजन होगा। मनीष सिंह, आकाशवाणीसमाचार, वाराणसी।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ के वृंदावन योजना मैदान में चार दिवसीय कृषि भारत 2024 मेले का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में नीदरलैंड्स को पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल किया गया है। आज लखनऊ में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त,

मोनिका एस गर्ग ने कहा कि इस आयोजन से किसानों को नई और उन्नत तकनीको के बारे में जानकारी मिलेगी।
बाइट.....

*प्रदेश में उपलब्ध टेक्नोलॉजी, देश की सर्वोत्तम टेक्नोलॉजी और ग्लोबली बेस्ट टेक्नोलॉजी मतलब विश्व में जो अच्छी टेक्नोलॉजी उपलब्ध है आधुनिक तकनीक उपलब्ध है। उसकी जानकारी हमारे किसान भाइयों को मिले इसके उद्देश्य से। ये कृषि भारत एग्रोटेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 4 दिन के लिए इसमें प्रदेश की देश की और विदेश की कंपनियां आकर अपने प्रोडक्ट्स अपनी मशीनरी का यहाँ प्रदर्शन करेंगे। लगभग 200 कंपनियां इसमें पार्टिसिपेट कर रही है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिरसा मुंडा की जयंती पर कल लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी। 20 नवंबर तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान 20 से अधिक राज्यों और दो देशों के कलाकार अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे।

—————————

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने आज बदायूं में गंगा तट पर लगने वाले रुहेलखण्ड के मिनी कुंभ के रुप में विख्यात ककोड़ा मेला का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, वरिष्ठ पुलिस

अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

———————

प्रदेश भर में कल गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किए गए हैं। फर्रुखाबाद जनपद में कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले महा स्नान के मद्देनजर आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का जायजा लिया। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में आज कार्तिक चतुर्दशी पर दीपदान भी किया गया। बलिया में कल से प्रसिद्ध ऐतिहासिक ददरी मेला भी प्रारम्भ हो जायेगा। वहीं अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में चल रहे ऐतिहासिक राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज विभाग द्वारा विभिन्न डिपा की 154 बसें लगाई गई हैं।

———————

भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष कलश के दर्शन सारनाथ में आज से शुरू हो गए हैं। देश विदेश से आए बौद्ध अनुयायियो और उपासकों ने मूलगंध कुटीबौद्ध मंदिर परिसर में अस्थि कलश के दर्शन किए। भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष के दर्शन कल कार्तिक पूर्णिमा तक होंगे।

———————